# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 1.1.2026 | 15 | 1-2 |



बच्चों के साथ मुख्यातिथि संतोष कुमारी व समाज कल्याण संस्था के सदस्य।

## बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना पुण्य कार्य: संतोष कुमारी

### समिति ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामान किया वितरित

हिसार, 31 दिसम्बर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सोशल वेल्फेयर सोसायटी द्वारा विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुई।

संतोष कुमारी ने कहा कि यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है। ठंड के मौसम में जरूरतमंद स्कूली बच्चों को आवश्यक सामान वितरित करना न केवल एक सेवा कार्य है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों को न केवल ठंड से बचाते हैं, बल्कि उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित भी करते हैं। समिति के सदस्यों को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देती है कि हम सब मिलकर एक बेहतर और संवेदनशील समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर जरूरतमंद बच्चों की सहायता करनी चाहिए ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। उन्होंने स्कूल में लगभग सभी 350 विद्यार्थियों को स्वेटर व टिफिन वितरित किए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 1-1-2026 | 15 | 1 |

## विद्यार्थियों को आवश्यक सामान किया वितरित

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से विश्वविद्यालय परिसर स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में गरीब एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष एवं कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी मुख्य अतिथि रही। संतोष कुमारी ने स्कूल में लगभग सभी 350 विद्यार्थियों को स्वेटर व टिफिन वितरित किए। इस मौके पर समिति के सचिव कपिल अरोड़ा , कैंपस अस्पताल से डॉ. मीनाक्षी ग्रेवाल, डॉ. अनिल सरोहा, सहायक कुलसचिव राजीव मोर, अधीक्षक सुरेन्द्र मधु, प्रीति पटेरिया, स्कूल के अध्यापक व छात्र उपस्थित रहे।